दिनांक : 26.10.2025 समय : 07.10पीएम

प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, भोपाल
सांध्यकालीन समाचार

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज 'मन की बात' की 127वीं कड़ी में छठ महापर्व को संस्कृति, प्रकृति और समाज की एकता का बताया प्रतीक।

- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज जबलपुर में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस के नवनिर्मित भवन का किया लोकार्पण।

- राष्ट्रीय विज्ञान पुरस्कार 2025 की हुई घोषणा, प्रोफेसर जयंत विष्णु नार्लीकर को मरणोपरांत दिया जाएगा विज्ञान रत्न पुरस्कार।

- प्रदेश में मौसम ने ली करवट, भोपाल सहित कई जिलों में आज दर्ज की गई बारिश।

मन की बात – छठ महापर्व

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 127वीं कड़ी में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि छठ महापर्व संस्कृति, प्रकृति और समाज के बीच गहरी एकता का प्रतीक है। उन्होंने बिहार, झारखंड और पूर्वांचल के लोगों सहित सभी देशवासियों को शुभकामनाएँ दीं।

प्रधानमंत्री ने वस्तु और सेवा कर – जीएसटी बचत उत्सव को लेकर लोगों में उत्साह पर खुशी व्यक्त की। त्यौहारों के मौसम में स्वदेशी वस्तुओं की जबरदस्त खरीदारी पर भी उन्होंने खुशी जताई।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने भी छठ पूजा के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएँ दी हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि इस पर्व में श्रद्धालु सूर्य की पूजा और अर्घ्य अर्पित कर प्रकृति के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करते हैं और परिवार की खुशहाली की कामना करते हैं। वहीँ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल में मन की बात कार्यक्रम का स्थानीय निवासियों के साथ श्रवण किया और उपस्थित जनसमुदाय को स्वदेशी की शपथ दिलाई। मुख्यमंत्री ने कहा कि छठ महापर्व देशभर के सभी श्रद्धालुओं के लिए मंगलमय हो।

## मुख्यमंत्री– जबलपुर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज जबलपुर में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय महाकौशल स्वशासी अग्रणी महाविद्यालय के नव निर्मित भवन का लोकार्पण किया और मेधावी विद्यार्थियों के सम्मान समारोह में भाग लिया। मुख्यमंत्री ने छात्रों के साथ संवाद कर उन्हें प्रोत्साहित किया और शिक्षा के महत्व पर जोर दिया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री राकेश सिंह, सांसद श्रीमती सुमित्रा महाजन सहित अन्य गणमान्य जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

## सांसद खेल महोत्सव'– शिवराज सिंह चौहान

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज विदिशा में मीडिया से चर्चा के दौरान बताया कि, विदिशा संसदीय क्षेत्र में 'सांसद खेल महोत्सव' का आयोजन 30 अक्टूबर से 25 दिसंबर तक किया जाएगा। महोत्सव का भव्य शुभारंभ 30 अक्टूबर को विदिशा खेल परिसर में केंद्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और क्रिकेट के दिग्गज कपिल देव की उपस्थिति में होगा। इसके तहत ग्राम पंचायत, विधानसभा और संसदीय स्तर पर विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। अब तक 37,038 खिलाड़ियों ने पंजीयन कराया है, जो युवाओं में खेल के प्रति बढ़ती जागरूकता और रुचि का प्रमाण है।

## राष्ट्रपति–स्वास्थ्य सेवा

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि निजी क्षेत्र के अच्छे स्वास्थ्य संस्थान, स्वस्थ और विकसित भारत का लक्ष्य प्राप्त करने में अमूल्य योगदान दे सकते हैं। राष्ट्रपति ने आज गाजियाबाद के इंदिरापुरम में यशोदा मेडिसिटी का उद्‌घाटन करते हुए कहा कि पूरे देश में स्वास्थ्य और चिकित्सा संबंधी बुनियादी ढांचे, संस्थानों और सेवाओं का निरंतर विस्तार किया जा रहा है।

## मुख्यमंत्री– एक्सीलेंस अवार्ड–2025

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि अब बहनें केवल "जॉब सीकर" नहीं रह गई हैं, बल्कि "जॉब क्रिएटर" बन रही हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यह बात आज भोपाल में आयोजित एमपी एक्सीलेंस अवार्ड–2025 कार्यक्रम में कही। उन्होंने बताया कि प्रदेश के 5 लाख से अधिक स्व–सहायता समूहों से लगभग 62 लाख महिलाएँ जुड़ी हैं और लखपति दीदी योजना के तहत प्रतिवर्ष एक लाख से अधिक महिलाएँ आय अर्जित कर रही हैं।

## मुख्यमंत्री– ज्योति–ज्योति दिवस

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज सिख धर्म के दसवें गुरु गुरु गोविंद सिंह जी के ज्योति–ज्योति दिवस पर उन्हें नमन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरु गोविंद सिंह जी धर्म, साहस और मानवीय मूल्यों

के प्रतीक तथा खालसा पंथ के संस्थापक थे। उन्होंने प्रदेशवासियों से आह्वान किया कि गुरु गोविंद सिंह जी के आदर्शों से प्रेरणा लेकर सेवा, एकता और राष्ट्र के प्रति समर्पण के मार्ग पर आगे बढ़ें।

## राष्ट्रीय विज्ञान पुरस्कार

2025 के राष्ट्रीय विज्ञान पुरस्कारों की आज घोषणा की गई है। प्रोफेसर जयंत विष्णु नार्लीकर को मरणोपरांत विज्ञान रत्न पुरस्कार दिया जाएगा। विज्ञान श्री पुरस्कार के लिए आठ वैज्ञानिकों का चयन किया गया है। विज्ञान युवा श्रेणी के अंतर्गत, विभिन्न विषयों से 14 युवा वैज्ञानिकों का चयन किया गया है, जबकि विज्ञान टीम पुरस्कार, कृषि विज्ञान में योगदान के लिए टीम अरोमा मिशन, वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अंनुसंधान परिषद को दिया जा रहा है।

## मुख्यमंत्री–'नया भारत–हरा भारत'

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती को समर्पित पैडल–टू–प्लांट कार्यक्रम 'नया भारत–हरा भारत' की साइकिल यात्रा को भोपाल से झंडी दिखाकर रवाना किया। इस कार्यक्रम के तहत अंतर्राष्ट्रीय पर्वतारोही अंजना यादव अरुणाचल प्रदेश से गुजरात तक लगभग 4,000 किलोमीटर की यात्रा साइकिल से करेंगी और भारत की संस्कृति, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक समरसता का संदेश फैलाएँगी।

## विंटर सीजन–एयरपोर्ट

राजधानी भोपाल के राजा भोज एयरपोर्ट पर विंटर सीजन शेड्यूल आज से लागू हो गया है। इस सीजन में यात्रियों के लिए कई नई उड़ानें और सुविधाएं शुरू की गई हैं। सबसे बड़ा बदलाव दिल्ली रूट पर हुआ है, एयर इंडिया ने भोपाल से दिल्ली के लिए एक अतिरिक्त डेली फ्लाइट शुरू की है, जिससे अब रोजाना छह उड़ानें संचालित होंगी।

## मौसम

प्रदेश के कई इलाकों में आज बारिश दर्ज हुई। भोपाल में सुबह से रुक–रुक कर वर्षा जारी रही। सबसे अधिक बारिश भोपाल और नर्मदापुरम संभाग में दर्ज की गई। कई जिलों में तेज हवाएं और बिजली गिरने की घटनाएं हुईं। कल भोपाल, इंदौर, नर्मदापुरम, रायसेन और बैतूल सहित 31 जिलों में बारिश और गरज–चमक की संभावना है।

**शतरंज**

भारतीय ग्रैंडमास्टर डी. गुकेश और दिव्या देशमुख ने हाल ही में संपन्न यूरोपीय शतरंज क्लब कप प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीते।

ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने सुपर शतरंज टीम और महिला विश्व कप विजेता दिव्या देशमुख ने महिला प्रतियोगिता में टीम चैंपियनशिप जीती। भारत के निहाल सरीन ने भी व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीतने में सफलता प्राप्त की।

---